बुंदेलखण्ड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा 65 मेगावाट कालपी सौर ऊर्जा परियोजना हेतु ऊर्जा क्रय अनुबंध (Power Purchase Agreement) पर हस्ताक्षर

ऊर्जा क्रय अनुबंध (Power Purchase Agreement) पर हस्ताक्षर करने के पश्चात श्री मनीष सहाय, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बीएसयूएल एवं श्री दीपक रायजादा, मुख्य अभियंता (पीपीए), यूपीपीसीएल ।

बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड (बीएसयूएल), एनएचपीसी लिमिटेड और यूपीनेडा का संयुक्त उद्यम, जिसका गठन उत्तर प्रदेश राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के उद्देश्य से किया गया है । इसी क्रम में बीएसयूएल द्वारा कालपी सौर ऊर्जा परियोजना (65 मेगावॉट) का निर्माण जनपद जालौन में किया जा रहा है ।

माननीय विद्युत नियामक आयोग, उ.प्र. द्वारा जारी आदेश दिनांक: 19-01-2022 के अनुसार परियोजना से उत्पादित होने वाली 148.37 मि.यू. वार्षिक ऊर्जा का क्रय उ. प्र. पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) द्वारा दीर्घावधि (25 वर्षों) हेतु किया जाना निर्धारित हुआ है।

तद्नुसार बीएसयूएल एवं यूपीपीसीएल के मध्य ऊर्जा क्रय अनुबंध (Power Purchase Agreement) का निष्पादन माननीय उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के आदेश के अनुपालन में किया गया है । श्री मनीष सहाय, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बीएसयूएल और श्री दीपक रायजादा, मुख्य अभियंता (पीपीए),

यूपीपीसीएल ने ऊर्जा क्रय अनुबंध पर दिनांक 28 अप्रैल 2022 को हस्ताक्षर किये। इस दौरान बीएसयूएल एवं यूपीपीसीएल के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

तदोपरांत मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बीएसयूएल ने श्री अश्विनी कुमार श्रीवास्तव, निदेशक (कॉर्पोरेट प्लानिंग एवं वितरण), यूपीपीसीएल से औपचारिक भेंट की एवं परियोजना संबंधी गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया।

Bundelkhand Saur Urja Limited (BSUL), a joint venture of NHPC Limited and UPNEDA, incorporated with the objective of developing renewable energy projects in the state of Uttar Pradesh. In this pursuit, Kalpi Solar Power Project (65 MW) is being implemented by BSUL in Jalaun district.

As per the order dated: 19-01-2022 issued by Hon’ble Electricity Regulatory Commission, U.P. the 148.37 MU energy generated from the project is to be procured by Uttar Pradesh Power Corporation Limited (UPPCL) through a long term (25 years) PPA.

Accordingly, the Power Purchase Agreement has been executed between BSUL and UPPCL in compliance with the order of the Hon'ble Uttar Pradesh Electricity Regulatory Commission. Shri Manish Sahai, Chief Executive Officer, BSUL and Shri Deepak Raizada, Chief Engineer (PPA), UPPCL signed the Power Purchase Agreement on 28th April 2022. During this, other officials of BSUL and UPPCL were also present.

Thereafter, Chief Executive Officer, BSUL had a formal meeting with Shri Ashwini Kumar Srivastava, Director (Corporate Planning & Distribution), UPPCL and the project activities were discussed.

****

लखनऊ
28.04.2022